Title : Regarding promotion of rural tourism, beautiful beaches and ancient temples in Palghar district

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : सभापति महोदया, मैं पालघर जिले में ग्रामीण पर्यटन, समुद्री तट, खूबसूरत बीच, किले और पुरातन मंदिर जैसे पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग करता हूँ। ग्रामीण पर्यटन प्रकृति आधारित पर्यटन है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य स्थान होता है।

महाराष्ट्र के पालघर लोक सभा क्षेत्र में सागरीय, नगरीय और डोंगरी जैसे क्षेत्र हैं, जो प्राकृतिक सुंदरता के साथ जीवन की हलचल से दूर शांतिपूर्ण विश्राम की तलाश करने वाले पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं। खास तौर पर ग्रामीण पर्यटन और समुद्री तट, जो कि लगभग 84 किलोमीटर का है और खूबसूरत बीच विदेशी पर्यटकों और अपने देश के पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है। यहां का शांत समुद्र तट, जो अपनी सुनहरी रेत और शांत माहौल के लिए जाना जाता है, विश्राम और पानी के खेल के लिए भी आदर्श है। यह शहर और क्षेत्र पर्यटकों को ट्रैकिंग, कैंपिंग और समृद्ध वनस्पतियों के खोज का अवसर प्रदान करता है। पालघर प्राचीन गुफाओं और किलों सहित ऐतिहासिक स्थलों का भी घर है, जो उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। पालघर में कई गढ़ हैं जैसे वसई किला, अर्नाला किला, कोहोज किला, भूपतगढ़ किला और डहाणू किला है। इसके अलावा कई वाटरफॉल्स हैं जैसे दभोसा, हिरडपाडा और कलमंडवी, जो कि जव्हार तालुका में आते हैं। इसके अलावा काफी पुरातन मंदिर भी हैं जैसे जिवदानी माता, महालक्ष्मी माता, वाघोबा, शीतलादेवी, वज्रेश्वरी, गणेशपुरी तथा परशुराम मंदिर, जो कि गुंज-काटी तालुका में स्थित है।

इसके अलावा इस्कॉन सेंटर है, जो गल्तरे में स्थित है। पुरातन शिवमंदिर है, जो कि बालकापरा जव्हार में स्थित है। कावडा विक्रमगढ में है और देहरे जव्हार में है। यहां पर दहनु बिच महोत्सव होता है, जो कि काफी सालों से पर्यटकों का आकर्षक स्थान बन चुका है। शिरपामल है, जहां पर छत्रपति महाराज के चरण है। पालघर लोक सभा क्षेत्र में ऐसे 15 आइडेंटिफाइड प्लेसेस हैं और 15 अनडेवलप्ड विलेज हैं, जिनको हम डेवलप कर सकते हैं।

सभापति महोदया, हम सभी जानते हैं कि पर्यटन के इस रूप के विकास के कारण स्थानीय अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त प्रभाव पड़ता है। आने वाले समय में ग्रामीण पर्यटन इस पालघर क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरेगा।

मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से आपके माध्यम से आग्रह है कि पालघर जिले के सम्पूर्ण पर्यटन विकास, खास तौर पर ग्रामीण पर्यटन और सुंदर समुद्री तट एवं समुद्र बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उचित कार्यक्रम बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें। I can say that it can increase employment and self-employment and reduce migration as well as malnutrition. हमें विश्वास है कि आपके महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और उचित वित्तीय सहायता से पालघर के पर्यटन क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।